आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 23.03.2025 समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– उत्तराखंड में भ्रष्टाचार, अतिक्रमण और अवैध कब्जों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।
- वस्तु और सेवा कर खुफिया महानिदेशालय ने ऑनलाइन मनी गेमिंग की अवैध और अनुपालना नहीं करने वाली 357 वेबसाइट बंद कीं।
- राज्य की दीर्घकालिक वित्तीय मजबूती के लिए आगामी 10 वर्षों की व्यापक योजना तैयार कीं जाएगी।
- देहरादून जिला प्रशासन ने सरकारी स्कूलों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये ''विद्या शक्ति'' योजना शुरू की, वर्चुअल लैब और गेम आधारित गतिविधियों के ज़रिए शिक्षा को रोचक और सरल बनाया जाएगा।

**पत्रकार वार्ता**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड में भ्रष्टाचार, अतिक्रमण और अवैध कब्जों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और इसमें कोई ढील नहीं दी जाएगी। अपने तीन साल के कार्यकाल के पूरे होने के अवसर पर मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में सरकार की उपलब्धियों और भविष्य की प्राथमिकताओं को साझा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन तीन वर्षों में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन सरकार ने हर संकट में जनता के बीच रहकर निर्णय लिए। उन्होंने रैणी, सिल्क्यारा, केदारनाथ घाटी और माणा की आपदाओं का ज़िक्र करते हुए कहा कि संकट के समय केवल दफ्तरों में बैठकर नहीं, बल्कि ज़मीनी स्तर पर काम करना होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में उत्तराखंड पूरी क्षमता से काम कर रहा है। राज्य में कनेक्टिविटी का तेज़ी से विस्तार हो रहा है और अवैध निर्माण व कब्जों के खिलाफ अभियान जारी रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में राज्य देश में 13वें स्थान पर है, जो एक सकारात्मक संकेत है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और जी–20 बैठकों के आयोजन से राज्य को दूरगामी लाभ मिला है।

**जीडीपी बढोतरी**

भारत का सकल घरेलू उत्पाद 10 वर्षों में एक सौ पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ दोगुना हो गया है। वर्ष 2015 में भारत का सकल घरेलू उत्पाद दो लाख दस हजार करोड़ डॉलर था, जो वर्ष 2025 में बढ़कर चार लाख तीस हजार करोड़ डॉलर हो गया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार, इस मामले में भारत अब अमरीका, चीन, जर्मनी और जापान के बाद दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा देश बन गया है।

**उत्तराखंड सरकार–तीन वर्श कार्यकाल –1**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी सरकार के इस कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने पर में राज्य की उपलब्धियों को साझा किया। अल्मोड़ा में आयोजित एक बहुउद्देशीय शिविर उन्होंने कहा कि इन तीन वर्षों में उत्तराखंड ने सेवा, सुशासन और विकास के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छुआ है। उन्होंने समान नागरिक संहिता लागू करने और नया भू–कानून लाने जैसे बड़े फैसलों को सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, खेल, पेयजल और हवाई संपर्क जैसे बुनियादी ढांचे को मजबूती दी गई है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्टेडियम में लगे विभागीय स्टालों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्टाल केवल औपचारिकता न रहें, बल्कि इनका लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिलना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने अल्मोड़ा के करबला क्षेत्र में स्वामी विवेकानंद द्वार का लोकार्पण किया और उन्हें विश्व का आदर्श बताते हुए उनके सिद्धांतों पर चलने की बात कही।

इसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जिला स्तर पर शुरू की गई बछिया योजना का शुभारंभ किया और गौमाता की पूजा कर गौसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। पशुपालन विभाग द्वारा इस योजना के तहत किसानों को स्थानीय वातावरण के अनुकूल गायें दी जाएंगी।

## उत्तराखंड सरकार–तीन वर्श कार्यकाल–2

केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने इस मौके पर कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर उत्तराखंड को सशक्त राज्य बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व की सराहना की और सरकार के तीन वर्षों के कार्यकाल को बेहतरीन बताया। कार्यक्रम में 50 विभागीय स्टाल लगाए गए, जिनमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क जांच और दवा वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग उपकरण वितरण जैसे कार्य किए गए। समान नागरिक संहिता पर विशेष स्टाल के माध्यम से विवाह पंजीकरण जैसे कार्य भी किए गए।

## कार्रवाई

माल और सेवा कर खुफिया महानिदेशालय ने ऑनलाइन मनी गेमिंग की अवैध और अनुपालना नहीं करने वाली 357 वेबसाइट को बंद कर दिया है। महानिदेशालय ने विदेशों से संचालित ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के विरूद्ध कार्रवाई तेज कर दी है। ऑनलाइन मनी गेमिंग उद्योग में देशी और विदेशी कंपनियां शामिल हैं। सट्टेबाजी और जुआ से जुड़ी लगभग सात सौ विदेशी कंपनियां महानिदेशालय की नजर में हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि ये कंपनियां जीएसटी के संदर्भ में पंजीकरण, कर भुगतान करने और कर नियमों का पालन करने में विफल रही है। सरकार ने आम जनता को सतर्क रहने तथा विदेशी ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म के साथ न जुड़ने की सलाह दी गई है।

## वित्तीय मजबूती

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की दीर्घकालिक वित्तीय मजबूती के लिए आगामी 10 वर्षों की व्यापक योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक तकनीक के बेहतर उपयोग के साथ योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की ठोस रणनीति बनाई जाए। देहरादून में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन, तीर्थाटन, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, उद्योग, कृषि, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से काम होना चाहिए। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण और राजस्व के नए स्रोतों को तलाशना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने नीति निर्माण में डेटा एनालिटिक्स और रिसर्च के इस्तेमाल, सरकारी प्रक्रियाओं में सरलीकरण और डिजिटल गवर्नेंस को तेज़ी से आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कर संग्रह के क्षेत्र में जीएसटी, गैर कर राजस्व, औद्योगिक निवेश, डिजिटल टैक्स कलेक्शन और पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप को बढ़ावा देने की बात कही।

## विद्या भाक्ति

देहरादून जिला प्रशासन ने सरकारी स्कूलों में बुनियादी शिक्षा को डिजिटल बनाने की एक अभिनव पहल शुरू की है। इस योजना के तहत अब सरकारी स्कूलों के छात्र भी इंटरैक्टिव सिमुलेशन और गेमीफिकेशन के माध्यम से विज्ञान, गणित और अंग्रेजी जैसे कठिन विषयों को ऑनलाइन और प्रैक्टिकली सीख सकेंगे। इस पहल के लिए जिला प्रशासन ने आईआईटी मद्रास प्रवर्तक टेक्नोलॉजीज फाउंडेशन, ओपन मेंटर ट्रस्ट और तारा जोशी फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। ''विद्या शक्ति'' नामक इस परियोजना का उद्देश्य वर्चुअल रियलिटी के जरिए कक्षा 6 से 9 तक के बच्चों को सरल और रोचक तरीके से शिक्षा प्रदान करना है। प्रथम चरण में 1 अप्रैल से 20 स्कूलों में ऑनलाइन कक्षाएं शुरू की जाएंगी। 30 मई तक सभी चयनित स्कूलों को एलईडी स्क्रीन, इंटरनेट और वाई–फाई जैसी जरूरी डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी। इस ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली में छात्रों को वर्चुअल लैब और गेम आधारित गतिविधियों के ज़रिए पढ़ाया जाएगा। हर हफ्ते के अंत में बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित टेस्ट लिया जाएगा, जिससे बच्चों की प्रगति का मूल्यांकन किया जा सकेगा।

## योजना विस्तार

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वरोजगार और राज्य की आर्थिकी को मजबूत करने वाली योजनाओं के विस्तार पर जोर दिया है। देहरादून में मत्स्य, पशुपालन, डेरी और गन्ना चीनी विकास विभागों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि मत्स्य विभाग की योजनाएं पर्वतीय क्षेत्रों में रोजगार का प्रभावी माध्यम बन सकती हैं। मुख्यमंत्री ने ट्राउट प्रोत्साहन योजना, इंटीग्रेटेड नमामि गंगा एक्वेटिक सेंटर और राज्य स्तरीय इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क जैसी योजनाओं को तेजी से लागू करने के निर्देश दिए। इन योजनाओं के तहत कुल चार सौ 78 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। ट्राउट योजना के लिए 170 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं, जिससे 600 टन ट्राउट उत्पादन, 75 लाख ट्राउट सीड उत्पादन और 600 प्रत्यक्ष रोजगार के लक्ष्य तय किए गए हैं। इंटीग्रेटेड एक्वेटिक सेंटर की स्थापना के लिए 250 करोड़ रुपये और एक्वा पार्क के लिए त्रिरपन करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं, जिससे पांच हजार एक सौ टन अतिरिक्त मत्स्य उत्पादन और गुणवत्ता युक्त मछली की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। पशुपालन विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने सेना को भी जीवित पशुओं और ट्राउट मछली की आपूर्ति से जोड़े जाने के निर्देश दिए ताकि स्थानीय उत्पादकों को आर्थिक लाभ मिल सके।

## स्वीकृति

पिथौरागढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विकास और धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण के लिए राज्य सरकार ने कुल चार करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से धार्मिक, सांस्कृतिक और बुनियादी ढांचे से जुड़े कई कार्य किए जाएंगे, जिनसे स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। स्वीकृत योजनाओं में विधानसभा धारचूला के भैंसकोट स्थित कालासैम मंदिर के सौंदर्यीकरण, बर्नियागांव से जैती और जीजीआईसी नमजला तक पहुंच मार्ग व पुलिया निर्माण सहित विभिन्न कार्य शामिल हैं।

**एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....**

धामी सरकार के तीन साल पूरे होने के अवसर पर देहरादून में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन... हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस खबर पर शीर्षक लिखता है– परेड ग्राउंड के चारों ओर आज रहेगा जीरो ट्रैफिक जोन, 11 बजे से शुरू होगा कार्यक्रम।

प्रदेश सरकार के तीन साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री ने साझा की तीन साल की उपलब्धियां... हिन्दुस्तान समाचार पत्र मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से लिखता है– सरकारी विभागों में सभी खाली पदों को भरा जाएगा, बीस हजार लोगों को मिली नौकरियां, कई योजनाओं का भी किया जिक्र।

उत्तराखंड में अवैध अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई जारी है.. दैनिक जागरण मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है– अतिक्रमण पर जारी रहेगी कार्रवाई।

कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए कुमाऊं तैय़ार, इस शीर्षक के साथ अमर उजाला समाचार पत्र की ख़बर है– पहली बार बदला जाएगा यात्रा मार्ग, काठगोदाम के बजाय टनकपुर से होगी धार्मिक सफर की शुरआत।

**मुख्य समाचार एक बार फिर–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– उत्तराखंड में भ्रष्टाचार, अतिक्रमण और अवैध कब्जों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।
- वस्तु और सेवा कर खुफिया महानिदेशालय ने ऑनलाइन मनी गेमिंग की अवैध और अनुपालना नहीं करने वाली 357 वेबसाइट बंद कीं।
- राज्य की दीर्घकालिक वित्तीय मजबूती के लिए आगामी 10 वर्षों की व्यापक योजना तैयार कीं जाएगी।
- देहरादून जिला प्रशासन ने सरकारी स्कूलों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये ''विद्या शक्ति'' योजना शुरू की, वर्चुअल लैब और गेम आधारित गतिविधियों के ज़रिए शिक्षा को रोचक और सरल बनाया जाएगा।